प्रेस विज्ञप्ति

यातायात जागरूकता नुक्कड़ नाटक

दिनांक:–13.10.2025

श्रीमान ओम प्रकाश पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार श्री शहीन सी. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर के सुपरविजन में, श्री दुर्गाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर, श्री प्रदीप कुमार गोयल सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पश्चिम जोधपुर के नेतृत्व मे यातायात पुलिस द्वारा माह अक्टूबर 2025 में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंति पर राष्ट्रीय और जन सुरक्षार्थ श्रद्धांजली स्वरूप आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में आज दिनांक–13.10.2025 को घण्टाघर प्रांगण में यातायात पुलिस व एमबीएम विश्वविद्यालय जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में यातायात जागरूकता नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री हिम्मतसिंह उपनिरीक्षक पुलिस यातायात, डॉ. रोहित रावल सहायक आचार्य एमबीएम विश्वविद्यालय मय नुक्कड़ नाटक विद्यार्थी टीम, श्री हनुमानसिंह हैडकानि. मय यातायात शिक्षा टीम के उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदेश और देश में बढ़ रही सड़क दूर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आमजन व वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना है। आमजन व वाहन चालकों से दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट लगाने, निर्धारित गति से तेज नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात नहीं करने, गलत दिशा में वाहन नही चलाने, नशा करके वाहन नहीं चलाने, नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने हेतु नही देने व सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल पहुंचाकर मदद करने की अपील की गई। यातायात नियमों की पालना नहीं करने से होने वाले नुकसान के बारे में नाटक मचन किया गया। आमजन व वाहन चालकों से अपील की जाती है कि यातायात नियमों की पूर्ण पालना कर यातायात जागरूकता में जनसहभागिता निभायें।

(दुर्गाराम चौधरी)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त

यातायात आयुक्तालय जोधपुर

यातायात पुलिस
पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर
सरदार वल्लभ भाई पटेल
की 150 वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता एवं सुरक्षार्थ
श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित
यातायात जागरूकता नुक्कड़ - नाटक
MBM UNIVERSITY
JODHPUR
यातायात पुलिस
पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर
यातायात शिक्षा
एवं जागरूकता कार्यक्रम